गृह मंत्रालय

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने दादरा नगर हवेली के सिलवासा में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का शुभारंभ किया

कई वर्षों से यहां के लोग विकास की राह देख रहे थे मगर 2014 में श्री नरेंद्र मोदी जी के भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद यहां का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया गया - केंद्रीय गृह मंत्री

श्री अमित शाह ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तथा कामाख्या से कच्छ तक पूरा देश धारा 370 हटाने के फैसले पर मोदी जी के साथ खड़ा है

श्री अमित शाह ने कहा कि कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद एक भी गोली नहीं चली है

विपक्षी नेताओं के बयानों का उपयोग पाकिस्तान द्वारा विदेशों में दुष्प्रचार के लिए किया जाता है – श्री अमित शाह

गांधी जी की 150वीं जयंती पर स्वच्छता के लिए होगा आंदोलन जिसमें प्लास्टिक से जंग जरूरी – केंद्रीय गृह मंत्री

श्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर में नल से जल' के संकल्प को शीघ्र पूरा किया जाएगा – श्री अमित शाह

प्रविष्टि तिथि: 01 SEP 2019 4:38PM by PIB Delhi

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने दादरा नगर हवेली के सिलवासा में 290 करोड़ से ज्यादा की राशि की परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि सिलवासा सुंदर पहाड़ों के बीच नदियों एवं प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा हुआ है, कई सालों से यहां के लोग विकास की राह देख रहे थे मगर 2014 में श्री नरेंद्र मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद यहां का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया गया जिसका परिणाम है कि सिलवासा एजुकेशनल हब, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पैरामेडिकल संस्था., नई टूरिज्म पॉलिसी, सर्व सुविधा युक्त यूथ हॉस्टल, दमनदीप में 6 व दादरा नगर

हवेली में 12 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, श्रमिकों को कार्य स्थल के नजदीक कम मूल्य पर पौष्टिक भोजन संबंधी श्रमयोगी प्रसाद योजना सहित अनेकों परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि संघ शासित यह राज्य संघ प्रदेश के प्रशासक श्री प्रफुल्ल पटेल जी के नेतृत्व में द्रुत गति से विकास कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले दो-तीन सालों के बाद यह संघ प्रदेश व्यवस्थाओं के संदर्भ में देश में अग्रणी भूमिका में होगा।

श्री अमित शाह ने नमो मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि मोदी जी के द्वारा किए गए शिलान्यास के सारे प्रोजेक्ट आज अपनी गति पर आ चुके हैं। उनका कहना था कि इस मेडिकल कॉलेज के खुलने से एमबीबीएस की शिक्षा सुदृढ़ की जा सकेगी। श्री शाह ने यह भी बताया कि आज घर-घर तक गैस और बिजली पहुंचाने का कार्य समाप्त हो चुका है। अब **हर घर में नल से जल** का मोदी जी का सपना साकार करना है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने 2014 से 2019 के कार्य को प्रमाणित किया और श्री नरेंद्र मोदी को 2014 से ज्यादा बहुमत के साथ दूसरी बार काम करने का मौका दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने दूसरे कार्यकाल के पिछले 100 दिनों में बहुत सारे काम किए हैं। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देशों के लिए जल जैसी एक बड़ी समस्या को ध्यान में रखते हुए जल शक्ति मंत्रालय की शुरुआत की है जो जल से संबंधित सभी विषयों को पर कार्य करेगा। श्री शाह ने कहा कि अगर पहले से शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था की गई होती तो आज देश कई समस्याओं से मुक्त हो सकता था ।

केंद्रीय गृह मंत्री ने धारा 370 पर बोलते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने ऐतिहासिक फैसला लिया है और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तथा कामाख्या से लेकर कच्छ तक पूरा देश इस फैसले पर मोदी जी के साथ खड़ा है। उनका कहना था कि पिछले 70 साल में कई सरकारें आईं किंतु वोट बैंक की चिंता के कारण धारा 370 नहीं हटा सके। श्री शाह ने धारा 370 तथा 35ए और यूएपीए कानून का विरोध करने वालों को नसीहत देते हुए कहा कि देश की जनता सब देख रही है। श्री शाह ने आगे बताया कि 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में कानून व्यवस्था ठीक है और 370 हटाने के बाद एक भी गोली नहीं चलानी पड़ी, न ही एक व्यक्ति की मौत हुई है। उनका कहना था कि विपक्षी नेताओं के बयानों का उपयोग पाकिस्तान द्वारा विदेशों में दुष्प्रचार के लिए किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आज पार्टी की विचारधारा से ऊपर उठकर देश के साथ खड़े होने का समय है। श्री शाह का यह भी कहना था कि भारतीय जनता पार्टी ने देशहित से संबंधित मुद्दों पर हमेशा सत्ता पार्टी का समर्थन किया है और इस देश की परंपरा है कि जब देश हित का सवाल हो तो सभी राजनीतिक दल अपनी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर साथ हो जाएं। उनका कहना था कि मोदी जी फैसले लेते समय वोट बढ़ेंगे या कम होंगे इस बात की चिंता नहीं करते बल्कि मां भारती के लिए अच्छा या बुरा है इस बात का ख्याल करते हैं।

श्री अमित शाह का कहना था कि गांधी जी की 150वीं जयंती पर स्वच्छता के लिए आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसके अंतर्गत प्लास्टिक से जंग जरूरी है। उन्होंने घर से सामान लेने जाते हुए कपड़े की थैली लेकर जाने का अनुरोध किया ताकि प्लास्टिक मुक्त बनाकर मोदी जी के स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया जा सके।

*****

डॉ वीजी/डॉ डीडी/वीएम/एसएच/एसएस

(रिलीज़ आईडी: 1583789) आगंतुक पटल : 130